वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 19 अगस्त 2021

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

देशभर के 1,09,400 स्थानों पर ध्वजारोहण कर ऐतिहासिक बना 'एक गाँव एक तिरंगा अभियान'

अंडमान निकोबार द्वीप से लेकर अरुणाचल प्रदेश के मोइरंग तक और जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लेकर मलकानगिरी उड़ीसा के सुदूर नवरंगपुर तक, लाखों नागरिकों ने 75वें स्वतंत्रता दिवस के उत्सव में भाग लिया। चाहे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हों या या नक्सल प्रभावित, अभाविप के कार्यतर्ताओं ने देश के सभी हिस्सों में इस अभियान को सफलता से संपन्न किया। अभाविप के "एक गांव - एक तिरंगा" अभियान के उत्सव में देश भर में 1,09,400 स्थानों पर झंडा फहराया गया। देश भर में कोरोना की परिस्थिति को देखते हुए कुल 20,41,636 लोगों की सहभागिता इस अभियान में हुई है। देश के 76,643 गाँव एवं 23,887 बस्तियों में ध्वजारोहण सम्पन्न हुआ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह मा. श्री दत्तात्रेय होसबाले जी ने भोपाल कार्यालय पर ध्वजारोहण कर अभियान की शुरुवात की। विशेष कार्यक्रमों में लखनऊ महानगर एवं मदुरई में ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ स्वाधीनता पर्व मनाया गया, भारत नेपाल बॉर्डर में वनवासी गाँव दोमाठ में स्वतंत्रता सेनानी श्री रामदेव मुखिया जी द्वारा ध्वजारोहण कराया गया एवं गोरखपुर के नौका विहार में 5000 लोगों ने सामूहिक राष्ट्रगान किया। इस अभियान के निमित देश के अलग-अलग स्थानों को चिन्हित कर वहां के लोगों के साथ ध्वजारोहण किया गया तथा शोभा-यात्रा, सामूहिक राष्ट्रगान गायन, भारत-माता पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रतियोगिताओं आदि कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों के अंदर देशभक्ति की भावना के प्रकटीकरण का भी कार्य किया गया।

अभाविप का मानना है कि देश को स्वतंत्रता दिलाने में देश के प्रत्येक नागरिक का योगदान रहा है परंतु कुछ लोगों द्वारा यह कुछ चुनिंदा लोगों की उपलब्धि तक ही सीमित कर दिया गया है। ऐसे में अभाविप के कार्यकर्ताओं ने देश के प्रत्येक जिले में ध्वजारोहण कर स्वाधीनता के इस अमृत उत्सव को मनाने के साथ-साथ देश के गुमनाम नायकों की कथाएँ लोगों को बताते हुए स्वाधीनता के गुमनाम नायकों को याद किया।

आगामी वर्ष में अभाविप '75 दिन देश के लिए' नाम से अल्पकालीन विस्तारक योजना में जुड़ने का आह्वान युवाओं से करेगी जिसमें देश की विभिन्न समस्याएं जैसे पर्यावरण आदि के समाधान के लिए काम किया जायेगा। इसके अतिरिक्त साहित्य निर्माण, पुस्तक प्रकाशन, स्वतंत्र वीरों के गांव में जाकर उनकी वीरता के गाथा का संकलन करना जैसे प्रयास किये जायेंगे।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि "अभाविप के कार्यकर्ताओं का देश भर में यह प्रयास अभिभूत करने वाला है। आज देश स्वाधीनता के 75वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है उस वर्ष के प्रारंभ को ही अभाविप के कार्यकर्ताओं ने जिस उत्साह के साथ मनाया है वह अपने आप में प्रेरणादायी है, विद्यार्थी परिषद के द्वारा पूरे वर्ष ऐसे विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा ताकि देशवासियों को इस उत्सव को मनाने का भरपूर मौका मिले।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री सुमित पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)